दक्ष®

# 2024

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB)

# जूनियर अकाउण्टेन्ट

# (Junior Accountant)

PAPER-1

**3** सॉल्वड पेपर्स

**1950** परीक्षा उपयोगी अति महत्त्वपूर्ण प्रश्न

**10** प्रैक्टिस पेपर्स

## सम्पूर्ण हल एवं व्याख्या सहित

वर्ष 2016, 2015 एवं 2011 के प्रश्न-पत्र हल सहित संलग्न

- कम समय में निश्चित सफलता हेतु एकमात्र प्रैक्टिस पेपर
- विगत वर्षों के प्रश्नपत्रों के विश्लेषण पर आधारित प्रैक्टिस पेपर
- पाठ्यक्रम में शामिल प्रत्येक बिन्दु पर आधारित प्रश्नों का महत्व के अनुसार समावेश

Buy Online at : WWW.DAKSHBOOKS.COM

दक्ष®

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB)

# जूनियर अकाउण्टेन्ट
# (Junior Accountant)

## PAPER-I

3 सॉल्वड पेपर्स

1950 परीक्षा उपयोगी अति महत्त्वपूर्ण प्रश्न

10 प्रैक्टिस पेपर्स

सम्पूर्ण हल एवं व्याख्या सहित


लेखकगण

Prof B.K. Rastogi | आचार्य संदीप मालाकार

रामजीलाल यादव | सुधीन्द्र शर्मा | पवन शर्मा | मनीषा यादव



दक्ष प्रकाशन

(A Unit of College Book Centre)

WWW.DAKSHBOOKS.COM

प्रकाशक :
**परितोष वर्धन जैन**
**कॉलेज बुक सेन्टर**
A-19, सेठी कॉलोनी,
जयपुर-302 004

© सर्वाधिकार
प्रकाशकाधीन

लेजर टाईपसैटिंग :
पूजा एण्टरप्राईजेज़
जयपुर

मुद्रक :
के.डी. प्रिन्टर्स
जयपुर।

**कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार के पदों पर सीधी भर्ती हेतु परीक्षा की स्कीम निम्नानुसार होगी**—परीक्षा दो भागों में होगी। परीक्षा के भाग-I एवं भाग-II के लिए अनुज्ञात अंक और समय निम्नानुसार होगा—

**1.** The competitive examination shall include the following papers and each paper shall carry the number of marks and time as shown against it.

**—:: परीक्षा की स्कीम ::—**

| प्रश्न-पत्र | लिखित परीक्षा | अधिकतम अंक | प्रश्न | समय |
|---|---|---|---|---|
| I | 1. हिन्दी | 75 | 25 | 2.30 घण्टे |
| | 2. अंग्रेजी | 75 | 25 | |
| | 3. सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) | 75 | 25 | |
| | 4. सामान्य विज्ञान | 75 | 25 | |
| | 5. गणित | 75 | 25 | |
| | 6. कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत | 75 | 25 | |
| | **कुल** | **450** | **150** | |
| **टिप्पणी**—गणित एवं कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत को छोड़कर, जो सैकण्डरी स्तर के होंगे, प्रश्न-पत्र सीनियर सैकण्डरी स्तर का होगा। | | | | |
| II | 1. बहीखाता (बुककीपिंग) एवं लेखाकर्म | 75 | 25 | 2.30 घण्टे |
| | 2. व्यवसाय पद्धति | 75 | 25 | |
| | 3. लेखा परीक्षा | 75 | 25 | |
| | 4. भारतीय अर्थशास्त्र | 75 | 25 | |
| | 5. रा.से.नि. खण्ड-I (अध्याय II, III, X, XI, XIII, XIV, XV & XVI) Rajasthan Civil Service (Joining Time) Rules, 1981 | 75 | 25 | |
| | 6. सा.वि.ले.नि. भाग-I (अध्याय I, II, III, IV, V, VI, XIV & XVII) | 75 | 25 | |
| | **कुल** | **450** | **150** | |
| **टिप्पणी**—क्रम संख्या 5 और 6 पर उल्लिखित विषयों को छोड़कर प्रश्न-पत्र स्नातक स्तर का होगा। | | | | |

**2.** There will be a single stage examination. Each of the paper i.e. both Paper-I and Paper-II will be of objective type.

**3.** **Maximum Marks & Negative Marking**—The Maximum marks of the Paper-I & Paper-II will be 450 each. For every correct answer 3 marks will be awarded and for every incorrect answer 1 marks will be deducted.

**4.** **Qualifying Marks**—Minimum of 35% in Paper-I and Paper-II each and 40% marks in aggregate. However relaxation in minimum marks upto 5% will be applicable to SC/ST category candidates. There will be no Viva-Voice Test.

## Code No.: D-716

• प्रकाशक की अनुमति के बिना इस पुस्तक के किसी भी अंश का किसी भी प्रणाली के सहारे पुन:उत्पत्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके (इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फॉटोकॉपी, रिकॉर्डिंग, डिजिटल, वेब) के माध्यम से अथवा इस पुस्तक का नाम, टाईटल, चित्र, रेखाचित्र, नक्शे, डिजाईन, कवर डिजाईन, सैटिंग, शिक्षण-सामग्री, विषय-वस्तु, पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी भाषा में हूबहू या तोड़-मरोड़ कर या अदल-बदल कर प्रकाशन या वितरण नहीं किया जा सकता है। इस पुस्तक के प्रतिलिप्याधिकार प्रकाशक के पास सुरक्षित हैं।
• पुस्तक का कम्पोजिंग कार्य कम्प्यूटर द्वारा कराया गया है। पुस्तक के लेखन व प्रकाशन कार्य में लेखक, प्रूफ रीडर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरतने के बावजूद भी अधूरी या पुरानी जानकारी का होना/कुछ ग़लतियों/कमियों का रह जाना मानवीय भूलवंश सम्भव है, जिसके लिए पुस्तक प्रकाशन से जुड़े मुद्रक, लेखक एवं प्रकाशक उत्तरदायी नहीं होंगे। पाठकों के सुझाव सादर आमंत्रित हैं।
• सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जयपुर (राज.) होगा।

# अनुक्रमणिका

अध्याय का नाम ........................................ पृष्ठ संख्या

❖ कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र 4 दिसम्बर, 2016 ........ 5–20

❖ कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र 2 अगस्त, 2015 ........ 21–36

❖ कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र 3 जनवरी, 2011 ........ 37–52

❖ Junior Accountant प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र • प्रैक्टिस पेपर - 1 ........ 53
- हिन्दी ........ 53
- अंग्रेजी ........ 54
- सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) ... 55
- सामान्य विज्ञान ........ 57
- गणित ........ 58
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत ........ 60
- **उत्तरमाला** ........ 61
- हिन्दी की व्याख्या ........ 61
- अंग्रेजी की व्याख्या ........ 63
- सामान्य ज्ञान (राज. के संदर्भ में) की व्याख्या ... 64
- सामान्य विज्ञान की व्याख्या ........ 65
- गणित की व्याख्या ........ 67
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत की व्याख्या ........ 69

❖ Junior Accountant प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र • प्रैक्टिस पेपर - 2 ........ 72
- हिन्दी ........ 72
- अंग्रेजी ........ 73
- सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) ... 74
- सामान्य विज्ञान ........ 76
- गणित ........ 77
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत ........ 78
- **उत्तरमाला** ........ 80
- हिन्दी की व्याख्या ........ 80
- अंग्रेजी की व्याख्या ........ 82
- सामान्य ज्ञान (राज. के संदर्भ में) की व्याख्या ... 83
- सामान्य विज्ञान की व्याख्या ........ 84
- गणित की व्याख्या ........ 86
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत की व्याख्या ........ 88

❖ Junior Accountant प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र • प्रैक्टिस पेपर - 3 ........ 91
- हिन्दी ........ 91
- अंग्रेजी ........ 92
- सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) ... 93
- सामान्य विज्ञान ........ 95
- गणित की व्याख्या ........ 96
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत ........ 98
- **उत्तरमाला** ........ 99
- हिन्दी की व्याख्या ........ 99
- अंग्रेजी की व्याख्या ........ 100
- सामान्य ज्ञान (राज. के संदर्भ में) की व्याख्या . 101
- सामान्य विज्ञान की व्याख्या ........ 103
- गणित की व्याख्या ........ 105
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत की व्याख्या ........ 107

❖ Junior Accountant प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र • प्रैक्टिस पेपर - 4 ........ 110
- हिन्दी ........ 110
- अंग्रेजी ........ 111
- सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) . 112
- सामान्य विज्ञान ........ 113
- गणित की व्याख्या ........ 114
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत ........ 116
- **उत्तरमाला** ........ 117
- हिन्दी की व्याख्या ........ 118
- अंग्रेजी की व्याख्या ........ 119
- सामान्य ज्ञान (राज. के संदर्भ में) की व्याख्या . 120
- सामान्य विज्ञान की व्याख्या ........ 121
- गणित की व्याख्या ........ 123
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत की व्याख्या ........ 125

❖ Junior Accountant प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र • प्रैक्टिस पेपर - 5 ........ 128
- हिन्दी ........ 128
- अंग्रेजी ........ 129
- सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) . 130
- सामान्य विज्ञान ........ 131
- गणित की व्याख्या ........ 133
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत ........ 134
- **उत्तरमाला** ........ 135

अध्याय का नाम ........ पृष्ठ संख्या

- हिन्दी की व्याख्या ........ 136
- अंग्रेजी की व्याख्या ........ 137
- सामान्य ज्ञान (राज. के संदर्भ में) की व्याख्या . 138
- सामान्य विज्ञान की व्याख्या ........ 139
- गणित की व्याख्या ........ 141
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत की व्याख्या ........ 144

❖ **Junior Accountant प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र • प्रैक्टिस पेपर - 6 ........ 147**

- हिन्दी ........ 147
- अंग्रेजी ........ 148
- सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) . 149
- सामान्य विज्ञान ........ 151
- गणित की व्याख्या ........ 152
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत ........ 153
- **उत्तरमाला** ........ 154
- हिन्दी की व्याख्या ........ 155
- अंग्रेजी की व्याख्या ........ 156
- सामान्य ज्ञान (राज. के संदर्भ में) की व्याख्या . 157
- सामान्य विज्ञान की व्याख्या ........ 159
- गणित की व्याख्या ........ 160
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत की व्याख्या ........ 163

❖ **Junior Accountant प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र • प्रैक्टिस पेपर - 7 ........ 165**

- हिन्दी ........ 165
- अंग्रेजी ........ 166
- सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) . 168
- सामान्य विज्ञान ........ 169
- गणित की व्याख्या ........ 171
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत ........ 172
- **उत्तरमाला** ........ 173
- हिन्दी की व्याख्या ........ 173
- अंग्रेजी की व्याख्या ........ 175
- सामान्य ज्ञान (राज. के संदर्भ में) की व्याख्या . 176
- सामान्य विज्ञान की व्याख्या ........ 178
- गणित की व्याख्या ........ 180
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत की व्याख्या ........ 183

❖ **Junior Accountant प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र • प्रैक्टिस पेपर - 8 ........ 185**

- हिन्दी ........ 185
- अंग्रेजी ........ 186
- सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) . 187
- सामान्य विज्ञान ........ 188
- गणित की व्याख्या ........ 189
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत ........ 191
- **उत्तरमाला** ........ 192
- हिन्दी की व्याख्या ........ 192
- अंग्रेजी की व्याख्या ........ 194
- सामान्य ज्ञान (राज. के संदर्भ में) की व्याख्या . 194
- सामान्य विज्ञान की व्याख्या ........ 196
- गणित की व्याख्या ........ 198
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत की व्याख्या ........ 201

❖ **Junior Accountant प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र • प्रैक्टिस पेपर - 9 ........ 203**

- हिन्दी ........ 203
- अंग्रेजी ........ 204
- सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) . 205
- सामान्य विज्ञान ........ 206
- गणित की व्याख्या ........ 208
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत ........ 209
- **उत्तरमाला** ........ 210
- हिन्दी की व्याख्या ........ 211
- अंग्रेजी की व्याख्या ........ 212
- सामान्य ज्ञान (राज. के संदर्भ में) की व्याख्या . 213
- सामान्य विज्ञान की व्याख्या ........ 214
- गणित की व्याख्या ........ 216
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत की व्याख्या ........ 219

❖ **Junior Accountant प्रतियोगी परीक्षा • प्रथम प्रश्न-पत्र • प्रैक्टिस पेपर - 10 ........ 221**

- हिन्दी ........ 221
- अंग्रेजी ........ 222
- सामान्य ज्ञान (राजस्थान के संदर्भ में) . 223
- सामान्य विज्ञान ........ 225
- गणित की व्याख्या ........ 226
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत ........ 228
- **उत्तरमाला** ........ 229
- हिन्दी की व्याख्या ........ 229
- अंग्रेजी की व्याख्या ........ 231
- सामान्य ज्ञान (राज. के संदर्भ में) की व्याख्या . 231
- सामान्य विज्ञान की व्याख्या ........ 233
- गणित की व्याख्या ........ 235
- कम्प्यूटर के मूल सिद्धांत की व्याख्या ........ 238

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

Exam Date : 04-12-2016

# लेखाकार/कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परीक्षा 2013 [Re-exam]

# सॉल्वड पेपर

वर्ष 2013 में विज्ञप्ति जारी हुई तथा वर्ष 2015 में परीक्षा हुई लेकिन रद्द होने की वजह से यह परीक्षा 4 दिसम्बर 2016 को आयोजित हुई।

**कुल प्रश्न : 150** **समय : 150 मिनट** **कुल अंक : 450**

**प्रश्न : 25 हिन्दी अंक : 75**

**1. 'प्र' उपसर्ग से निर्मित शब्द है—**
(A) प्रश्न (B) प्रतिकूल (C) प्राक्कथन (D) प्रयोग **[D]**
**व्याख्या**—'प्र' उपसर्ग से निर्मित शब्द प्रयोग है–
प्र + योग, अन्य उदाहरणों में प्राक्कथन = प्राक् + कथन
प्रतिकूल = प्रति + कूल

**2. किस शब्द में 'नी' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है?**
(A) नानी (B) जवानी (C) मोरनी (D) चीनी **[C]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (C) 'मोरनी' में 'नी' प्रत्यय प्रयुक्त हुआ है – मोर + नी = मोरनी
अन्य उदाहरणों में 'नी' प्रत्यय प्रयुक्त नहीं हुआ है।

**3. किस विकल्प में सभी शब्द 'पृथ्वी' के पर्यायवाची हैं?**
(A) अवनि, अचला, महीधर (B) मही, अवनि, वसुंधरा
(C) मही, मेदिनी, अचल (D) मही, अवनि, रत्नाकर **[B]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (B) में **मही, अवनि, वसुंधरा** आदि सभी शब्द पृथ्वी के पर्यायवाची हैं। पृथ्वी के अन्य पर्यायवाची हैं – **अचला, इला, धरणी, भूमि, मही, मेदिनी**।

**4. कौनसा विलोम शब्द-युग्म सही नहीं है?**
(A) साकार-निराकार (B) साक्षर-निरक्षर
(C) ज्ञानी-अज्ञानी (D) पूर्व-अपूर्व **[*]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से सभी विकल्पों में शब्द-युग्म सही हैं एवं एक दूसरे के विलोम हैं।

**5. मोर, सर्प, चातक के अर्थों को प्रकट करने वाला एक शब्द बताइए—**
(A) सारंग (B) हरि
(C) पुष्कर (D) नीलकण्ठ **[A]**
**व्याख्या**—**मोर, सर्प, चातक** आदि अर्थों को प्रकट करने वाला एक शब्द 'सारंग' है। 'सारंग' के अन्य अनेकार्थक हैं—
**बादल, हरिण, कामदेव, वृक्ष, वस्त्र, बाल, शिव, पुष्प, धनुष, आभूषण, पृथ्वी, समुद्र, चंद्रमा, आकाश**।

**6. निम्नलिखित में विलोम शब्द युग्म है—**
(A) हिंसा-प्रतिहिंसा (B) हास-परिहास
(C) मान-सम्मान (D) वादी-प्रतिवादी **[D]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से'वादी-प्रतिवादी' विलोम शब्द का युग्म है। अन्य विकल्पों में विलोम नहीं है।

**7. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द, कल के अर्थ से सम्बन्धित नहीं है?**
(A) बेचैनी (B) मधुर ध्वनि (C) बीता दिन (D) यंत्र **[A]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (A) का 'बेचैनी' शब्द 'कल' के अर्थ से संबंधित नहीं है। 'कल' के अन्य अनेकार्थक हैं –
**चैन या शांति, पुर्जा, अंश, कार्य करने का कौशल**।
**बैचेनी, व्याकुलता, घबराहट, विकलता, घबराहट** आदि का पर्यायवाची है।

**8. 'अवधि-अवधी' शब्द-युग्म का सही अर्थ है—**
(A) हिन्दी की एक उपभाषा - समय
(B) समय - हिन्दी की एक उपभाषा
(C) समय - शहर का नाम
(D) शहर का नाम - समय **[B]**
**व्याख्या**—उपरोक्त शब्द-युग्म का सही अर्थ है—
अवधि = समय
अवधी = हिन्दी की एक उपभाषा।

**9. 'शुचि-शचि' शब्द-युग्म का सही अर्थ है—**
(A) पवित्र - इन्द्राणी (B) सूची - तिथि
(C) सूर्य - रश्मि (D) प्रातः - रात्रि **[A]**
**व्याख्या**—उपरोक्त शब्द-युग्म का अर्थ है—
शुचि = पवित्र
शची = इन्द्राणी।

**10. अजर-अजिर शब्द-युग्म का अर्थ है—**
(A) अजन्मा - पृथ्वी (B) जो वृद्ध न हो - आँगन
(C) वृद्ध - अमर (D) अक्षय - नष्ट **[B]**
**व्याख्या**—उपरोक्त शब्द-युग्म का सही अर्थ है—
अजर = जो वृद्ध न हो
अजिर = आँगन।

**11. इनमें से कौनसा विशेषण-शब्द संज्ञा-शब्द से नहीं बना हुआ है?**
(A) दैनिक (B) ग्रामीण (C) बाहरी (D) भारतीय **[C]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से (C) 'बाहरी' विशेषण शब्द संज्ञा शब्द से नहीं बना है। यह 'बाहर + ई' प्रत्यय से मिलकर बना शब्द है।

**12. इनमें से कौनसा शब्द भाववाचक संज्ञा से बना 'विशेषण' नहीं है?**
(A) लोभी (B) बुद्धिमान (C) पापी (D) प्राथमिक **[D]**
**व्याख्या**—उपरोक्त में से **'प्राथमिक'** शब्द भाववाचक संज्ञा से बना विशेषण शब्द नहीं है।
प्रथम + इक = प्राथमिक

**13. निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है—**
(A) लावण्यता (B) अनुग्रहित
(C) वापिस (D) कवयित्री **[D]**

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

Exam Date : 02-08-15

# लेखाकार/कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परीक्षा 2013

# सॉल्वड पेपर

वर्ष 2013 में विज्ञप्ति जारी हुई तथा वर्ष 2015 में परीक्षा हुई लेकिन यह पेपर रद्द हो गया।

**कुल प्रश्न : 150** **समय : 150 मिनट** **कुल अंक : 450**

**प्रश्न : 25** **हिन्दी** **अंक : 75**

**1. 'अंक' शब्द का अर्थ इनमें से कौन सा नहीं है?**

(A) भेंट (B) गोद (C) चिह्न (D) दाग **[A]**

**व्याख्या**—'अंक' शब्द का अर्थ - भेंट नहीं है। 'अंक' के अनेकार्थक हैं—**गिनती के अंक, भाग्य, अध्याय, देह, गोद, स्थान, दाग**।

**2. 'छोटा बन जाने की योग-कला' को इनमें से क्या कहते हैं?**

(A) लघुता (B) लघुकाय
(C) लघुतम (D) लघिमा **[D]**

**व्याख्या**—'छोटा बन जाने की योग कला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है—'लघिमा'

**3. 'Earnest-money' का हिन्दी पर्याय इनमें से कौन-सा है?**

(A) बयाना (B) बानगी (C) उधार (D) प्रभावी **[A]**

**व्याख्या**—Earnest – money का हिन्दी पर्याय इनमें से अग्रिम धन/बयाना है।

**4. 'Statutory' का अर्थ इनमें से कौन सा है?**

(A) पक्का (B) पट्टा
(C) आदेशात्मक (D) सांविधिक **[D]**

**व्याख्या**—'Statutory' का अर्थ उपरोक्त में से **'सांविधिक'** है।

**5. 'Exigencies of administrative work' का हिन्दी रूपांतर है—**

(A) लोक सेवा की तात्कालिक आवश्यकता
(B) चूककर्ता पर प्रशासनिक कार्रवाई
(C) प्रशासनिक कार्य की तात्कालिक आवश्यकताएँ
(D) प्रशासनिक कार्य का संशोधित रूप **[C]**

**व्याख्या**—'Exigencies of administrative work' का हिन्दी रूपांतर है – प्रशासनिक कार्य की तात्कालिक आवश्यकताएँ।

**6. 'इस कार्यालय के मनोहरलाल शर्मा को गहन हिन्दी प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सामान्य अनुभाग में तैनात किया जाता है।' यह वाक्य इनमें से किस कार्यालयी पत्र का है?**

(A) कार्यालय टिप्पणी (B) कार्यालय आदेश
(C) परिपत्र (D) संकल्प **[B]**

**व्याख्या**—'इस कार्यालय के मनोहरलाल शर्मा को गहन हिन्दी प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सामान्य अनुभाग में तैनात किया जाता है।' यह वाक्य उपरोक्त में से **'कार्यालयी आदेश'** नामक कार्यालयी पत्र का भाग है।

**7. 'पितृ+अनुमति' की संधि इनमें से कौन सी है?**

(A) पितृनुमति (B) पित्रनुमति
(C) पितृनूमति (D) पित्रानुमति **[B]**

**व्याख्या**—पितृ + अनुमति = पित्रनुमति
(ऋ → र् = यण् संधि)

**8. 'सच्छास्त्र' शब्द का विच्छेद इनमें से कौन-सा है?**

(A) सत+शास्त्र (B) सच्+शास्त्र
(C) सत्+शास्त्र (D) सच्+छास्त्र **[C]**

**व्याख्या**—सच्छास्त्र = सत् + शास्त्र (व्यंजन संधि)

**9. इनमें से कौन सा शब्द अव्ययीभाव समास का उदाहरण नहीं है?**

(A) दिनोंदिन (B) मनमाना
(C) हररोज (D) यथाक्रम **[B]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से **'मनमाना'** शब्द अव्ययीभाव समास का उदाहरण नहीं है। मनमाना का समास विग्रह है – "मन से माना हुआ" – इसमें से, के द्वारा, चिह्न के कारण तृतीया तत्पुरुष समास है।

**10. 'मृगछौना' शब्द इनमें से किस समास का उदाहरण है?**

(A) करण तत्पुरुष (B) कर्म तत्पुरुष
(C) संप्रदाय तत्पुरुष (D) संबंध तत्पुरुष **[D]**

**व्याख्या**—'मृगछौना' इस शब्द में संबंध तत्पुरुष समास का प्रयोग किया गया है। 'मृगछौना' का समास विग्रह है – 'मृग का छौना' (कारक चिह्न - का, के, की)।

**11. इनमें से उपसर्ग से निर्मित कौन सा शब्द अशुद्ध है?**

(A) आध्यात्म (B) वागिश (C) पर्याप्त (D) संग्रह **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से **'आध्यात्म'** शब्द उपसर्ग से निर्मित होने पर भी अशुद्ध है इसका शुद्ध रूप है – अधि + आत्म = अध्यात्म
अन्य उदाहरणों में –
पर्याप्त = परि + आप्त
वागीश = वाक् + ईश
संग्रह = सम् + ग्रह

**12. इनमें से किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?**

(A) औसर (B) संकल्प (C) अनार (D) उनसठ **[C]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से 'अनार' शब्द में उपसर्ग नहीं है। अन्य उदाहरणों में औसर = औ + सर, संकल्प = सम् + कल्प, उनसठ = उन + साठ

**13. इनमें से कौन सा शब्द 'अ' प्रत्यय से नहीं बना है?**

(A) कौशल (B) पांडव (C) लाघव (D) लगाव **[D]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से 'लगाव' शब्द 'अ' प्रत्यय से नहीं बना है – लगा + आव या लग + आव = लगाव अन्य उदाहरणों में—
कौशल = कुशल + अ
लाघव = लघु + अ
पांडव = पांडु + अ

राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित

Exam Date : 03-01-2011

# लेखाकार/कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परीक्षा 2011

# सॉल्वड पेपर

**कुल प्रश्न : 150** **समय : 150 मिनट** **कुल अंक : 450**

**प्रश्न : 25** **हिन्दी** **अंक : 75**

**1. 'Decree' का सही समानार्थी शब्द है—**

(A) आज्ञप्ति (B) अनुज्ञप्ति (C) विधान (D) अनुलेख **[A]**

**व्याख्या**—'Decree' का सही समानार्थी शब्द है – 'आज्ञप्ति'।

**2. एक ही पत्र जब एक साथ कई प्रेषितियों को भेजा जाता है तो उसे कहते हैं—**

(A) अधिसूचना (B) विज्ञप्ति

(C) ज्ञापन (D) परिपत्र **[D]**

**व्याख्या**—एक ही पत्र जब एक साथ कई प्रेषितियों को भेजा जाता है तो उसे **'परिपत्र'** कहते हैं।

**3. 'आये थे........भजन को ......... लगे कपास' लोकोक्ति में रिक्त स्थानों के लिए उपयुक्त शब्दों का विकल्प चुनिए—**

(A) प्रभु, ओटन (B) हरि, काटन

(C) प्रभु, काटन (D) हरि, ओटन **[D]**

**व्याख्या**—'आये थे **'हरि'** भजन को **'ओटन'** लगे कपास।' इस लोकोक्ति का सही अर्थ है – 'बड़ा लक्ष्य निर्धारित करके छोटे कार्य में लग जाना।'

**4. कौन-सा 'मुहावरा-अर्थ' युग्म सही नहीं है?**

(A) गाल बजाना—बढ़-चढ़कर आत्म-प्रशंसा करना

(B) दूध का धुला होना—निष्कलंक होना

(C) एक आँख से देखना—भेदभाव करना

(D) मुट्ठी में करना—वशीभूत करना **[C]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से **''एक आँख से देखना''**—मुहावरा का जो अर्थ युग्म सही नहीं है वह है—भेदभाव करना। इसका सही अर्थ है—सभी को समान नजर (नजरिए) से देखना अर्थात् किसी में भेदभाव नहीं करना। अन्य शब्द-युग्म सही हैं।

**5. 'प्रातःकाल का दृश्य उस वन में बहुत ही सुहावना होता था।'- वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?**

(A) अन्विति सम्बन्धी (B) पद-क्रम सम्बन्धी

(C) शब्द-चयन सम्बन्धी (D) अर्थ सम्बन्धी **[B]**

**व्याख्या**—'प्रातःकाल का दृश्य उस वन में बहुत ही सुहावना होता था।' इस वाक्य में पद-क्रम संबंधी अशुद्धि है। इस वाक्य का सही पद क्रम है—'उस वन में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।'

**6. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य कौन-सा है?**

(A) वे तो अवश्य ही आएँगे।

(B) रमा ने पुस्तकें और अन्य वस्तुएँ खरीदीं।

(C) स्टेशन पर भारी भीड़ लगी थी।

(D) कला और जीवन का अभिन्न सम्बन्ध है। **[*]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (A) का वाक्य किन्हीं कारणों से अशुद्ध हो सकता है—इसके दो शुद्ध रूप हैं—

(A) वे तो अवश्य आएँगे, वे अवश्य आएँगे। अन्य वाक्य शुद्ध हैं।

**7. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(A) मोहन से यह काम सम्भव नहीं हो सकता।

(B) कृपया आप पधारने का अनुग्रह करें।

(C) सीमा गाने का अभ्यास कर रही है।

(D) भाइयों ! हम अन्याय सहन नहीं करेंगे। **[C]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से विकल्प (C) का वाक्य—'सीमा गाने का अभ्यास कर रही है।' शुद्ध है।

**8. 'अन्वेषण' शब्द में कौन-सी सन्धि है?**

(A) गुण स्वर सन्धि (B) यण् स्वर सन्धि

(C) दीर्घ स्वर सन्धि (D) वृद्धि स्वर सन्धि **[B]**

**व्याख्या**—अन्वेषण = अनु + एषण

= अन् + उ + एषण

= अन् + व् + एषण

= अन्वेषण

यहाँ पर 'उ' के स्थान पर 'व्' आदेश हो गया है। अतः 'यण्' स्वर संधि है।

**9. 'अम्बूर्मि' शब्द का सन्धि-विच्छेद होगा—**

(A) अम्बु + उर्मि (B) अम्बू + ऊर्मि

(C) अम्बू + उर्मि (D) अम्बु + ऊर्मि **[D]**

**व्याख्या**—'अम्बूर्मि' का संधि-विच्छेद है –

अम्बु + ऊर्मि – उ + ऊ = ऊ दीर्घ संधि है।

**10. 'चन्द्रमौलि' में कौन-सा समास है?**

(A) द्वन्द्व समास (B) बहुव्रीहि समास

(C) अव्ययीभाव समास (D) द्विगु समास **[B]**

**व्याख्या**—'चन्द्रमौलि' शब्द में बहुव्रीहि समास है। इसका समास विग्रह है—**चंद्र है जिनके मौलि (मस्तक) पर ऐसे (शिव)**।

**11. किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं है?**

(A) नीलिमा (B) नीरस (C) नीरोग (D) निक्षेप **[A]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से 'नीलिमा' शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है। नील + इमा (प्रत्यय)।

अन्य उदाहरणों में नीरोग = निर् + रोग।

नीरस = निर् + रस या निः + रस, निक्षेप = नि + क्षेप।

**12. किस शब्द में दो से अधिक उपसर्गों का प्रयोग है?**

(A) पर्यवसान (B) दुर्निवार

(C) दुर्व्यवहार (D) अभ्युत्थान **[C]**

**व्याख्या**—उपरोक्त में से 'दुर्व्यवहार' शब्द में दो से अधिक उपसर्गों का प्रयोग किया गया है। दुर्व्यवहार = दुर् + वि + अवहार अन्य उदाहरणों में—दुर्निवार = दुर् + निवार, पर्यवसान = परि + अवसान – अभ्युत्थान = अभि + उत्थान।

# प्रैक्टिस पेपर - 2

**प्रश्न : 25** **हिन्दी** **अंक : 75**

**1. निम्नलिखित में से किस शब्द का संधि-विच्छेद गलत है?**
(A) पित्रुपदेश = पित्रि + उपदेश
(B) प्रौढ़ = प्र + ऊढ़
(C) निरीह = निः + ईह
(D) नवोढ़ा = नव + ऊढ़ा

**2. 'जिस समस्त पद का कोई भी खण्ड प्रधान नहीं होता, अपितु उसका अन्य अर्थ निकलता हो' उसे कौनसा समास कहते हैं?**
(A) द्विगु समास (B) बहुव्रीहि समास
(C) कर्मधारय समास (D) द्वन्द्व समास

**3. निम्न में से 'फिर' अर्थ किस उपसर्ग का है?**
(A) अलम् (B) बिन (C) पुनः (D) प्रति

**4. निम्न में से किस शब्द में इक प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है?**
(A) सामाजिक (B) आर्थिक (C) वैयक्तिक (D) तनिक

**5. 'व्यवधान' शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।**
(A) भ्रमण (B) बाधा (C) मिलन (D) प्रीति

**6. 'जागरण' शब्द का विलोम चुनें।**
(A) निद्रा (B) अनिद्रा (C) जागना (D) सचेत

**7. 'खग' शब्द के अनेकार्थी का सही विकल्प निम्न में से है—**
(A) मोर, वायु, देवता, गृह, सूर्य, चन्द्रमा, बादल
(B) पक्षी, वायु, देवता, गृह, सूर्य, चन्द्रमा, सागर
(C) पक्षी, गधा, देवता, गृह, सूर्य, चन्द्रमा, बादल
(D) पक्षी, वायु, देवता, गृह, सूर्य, चन्द्रमा, बादल

**8. निम्न में से सही अर्थवाला शब्द-युग्म कौन-सा है?**
(A) आकर-आकार = खान-आकृति
(B) कुल-कूल = वंश-शीतल
(C) निर्जर-निर्झर = शून्य-झरना
(D) शर-सर = बाण-भला आदमी

**9. सूची-I में दिए गए संज्ञा को सूची-II में दिए गए संज्ञा के भेद से सुमेलित कीजिए तथा विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए—**

| | |
|---|---|
| (a) जुलाई | I. व्यक्तिवाचक |
| (b) मैना | II. जातिवाचक |
| (c) कुंज | III. द्रव्यवाचक |
| (d) पानी | IV. समूहवाचक |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | III | IV | I | II |
| (B) | IV | III | II | I |
| (C) | II | I | III | IV |
| (D) | I | II | IV | III |

**10. 'जल बिन्दु निपातेन क्रमशः पूर्यते घटः।**
**सहेतुः सर्व विद्यानां धर्मस्य च धनस्य च।।'**
**इस सूक्ति की पुष्टि करने वाली कहावत है—**
(A) बूँद-बूँद से घट भरता है
(B) थोथा चना बाजे घना
(C) न नो मन तेल होगा न राधा नाचेगी
(D) जल में रहकर मगर से बैर रखना

**11. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य शुद्ध है?**
(A) उसने प्राण की बाजी लगा दी।
(B) दहेज की लेन-देन बहुत बुरी रिवाज है।
(C) एक फूलों की माला ले आइए।
(D) वह महल पीले पत्थरों से बना है।

**12. 'यह घोड़ा अच्छा है।' वाक्य में यह क्या है?**
(A) गुणवाचक विशेषण (B) सार्वनामिक विशेषण
(C) संख्यावाचक विशेषण (D) प्रविशेषण

**13. भाववाचक संज्ञा कितने प्रकार के शब्दों से बनती है?**
(A) चार (B) तीन (C) पाँच (D) छह

**14. मालुम, मुरारी, मंत्रीमंडल, भाषायें शब्दों के शुद्ध रूप का सही जोड़ा निम्न में से है—**
(A) मालुम, मुरारि, मंत्रिमंडल, भाषाए
(B) मालूम, मुरारि, मंत्रीमडल, भाषायें
(C) मालूम, मुरारी, मंत्रिमंडल, भाषाऐं
(D) मालूम, मुरारि, मंत्रिमंडल, भाषाएँ

**15. शुभेषी, वैश्या, वेदेही, विषेश शब्दों के शुद्ध रूप का सही जोड़ा निम्न में से है—**
(A) शुभेशी, वेश्या, वेदैही, विषेश
(B) शुभैषी, वेश्या, वैदेही, विशेष
(C) शुभेसी, वेश्या, वैदैही, विषेश
(D) सुभेषी, वैश्या, वेदेहि, विशेष

**16. इनमें व्याकरण की दृष्टि से कौनसा वाक्य शुद्ध है?**
(A) वह शुक्रवार के दिन लौटेगा।
(B) हमें संकट के अंदर घबराना नहीं चाहिए।
(C) यह बात आपके स्वभाव के अनुकूल नहीं है।
(D) वह सदैव ही विलम्ब से आता है।

**17. निम्नलिखित में से यण् संधि के युग्म का उदाहरण है——**
(A) मध्यावकाश, अंत्याक्षरी, छिद्रान्वेषी, विंध्याचल
(B) साष्टांग, विकलांग, उत्तराधिकार, दृश्यावली
(C) द्राक्षासव, महामात्य, दीक्षांत, सत्याग्रह
(D) प्रत्याभूति, अग्न्याशय, अत्याचार, प्रत्याशी

**18. भाव वाच्य युक्त वाक्य छाँटिए—**

# प्रैक्टिस पेपर - 3

**प्रश्न : 25** **हिन्दी** **अंक : 75**

**1. 'धर्मोपदेश' शब्द में कौनसी संधि है?**
(A) दीर्घ संधि (B) गुण संधि
(C) वृद्धि संधि (D) यण् संधि

**2. इनमें से कौन-सा कथन पूरी तरह तत्पुरुष समास से संबंधित है?**
(A) इसमें पूर्व पद प्रधान होता है।
(B) इसमें पूर्व पद संख्यावाची होता है।
(C) इसमें प्रायः उत्तर पद प्रधान होता है।
(D) इसमें पूर्व पद अव्यय होता है।

**3. किस शब्द में 'उर्दू' का उपसर्ग नहीं है?**
(A) बदकिस्मत (B) लाचार
(C) अवरोध (D) हरदम

**4. 'ऊनता वाचक' प्रत्यय से अभिप्राय है—**
(A) लघुता बोधक (B) संतान बोधक
(C) विशेषण बोधक (D) क्रिया बोधक

**5. दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।**
**सरस्वती**
(A) माता (B) शारदा (C) नेत्री (D) देवी

**6. 'निरामिष' शब्द का विलोम चुनें।**
(A) विष (B) सामिष (C) आवेश (D) अन्वेषण

**7. 'अज' शब्द के अनेकार्थी का सही विकल्प है—**
(A) ब्रह्मा, बकरा, जीव, नकुल के पिता
(B) ब्रह्मा, बकरा, जीव, राम के पिता
(C) ब्रह्मा, बाघ, जीव, दशरथ के पिता
(D) ब्रह्मा, बकरा, जीव, दशरथ के पिता

**8. किस क्रमांक में 'अंबुज-अंबुद' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है?**
(A) कमल-बादल (B) पृथ्वी-आकाश
(C) जल-धरती (D) गुलाब-बादल

**9. निम्न में से विशेषण शब्द से बनी भाववाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है—**
(A) नीचता (B) सिलाई
(C) स्वामित्व (D) पीलापन

**10. सूची-I को सूची-II से मिलाइए—**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | कुछ लोग मेरे घर आने वाले हैं। | I | निश्चित परिमाणवाचक विशेषण |
| (b) | बीस क्विंटल गेहूँ खरीद लिया है। | II | गुणवाचक विशेषण |
| (c) | काला कुत्ता मेरी रोटी ले गया। | III | संख्यावाचक विशेषण |
| (d) | उसने परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। | IV | अनिश्चित सार्वनामिक विशेषण |

| कूटः | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | IV | I | II | III |
| (B) | II | III | IV | I |
| (C) | III | IV | I | II |
| (D) | I | II | III | IV |

**11. निम्न में से कौनसा शब्द अव्ययीभाव समास का उदाहरण नहीं है?**
(A) विशुद्ध (B) मुनिपुंगव (C) सानुज (D) जीभर

**12. आमूलतः, इप्सित, आकर्शित, अभिसेक शब्दों के शुद्ध रूप का सही जोड़ा निम्न में से है—**
(A) आमूलतः, इप्सित, आकृर्षित, अभिशेक
(B) आमूल/मूलतः, ईप्सित, आकृष्ट, अभिषेक
(C) आमूलत, इप्सित, आक्रषित, अभिसेक
(D) आमुलतः, इप्सीत, आकर्षित, अभिषेक

**13. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए—**
(A) मनुष्य के शरीर में स्थित आलस्य उसका सबसे बड़ा दुश्मन है।
(B) वो जा रहे हैं।
(C) सुबह की हवा स्वास्थ के लिए अच्छी होती है।
(D) उन्होंने छक कर पेट भर खाना खाया।

**14. निम्न में से भाव वाच्य का उदाहरण नहीं है—**
(A) मुझसे लिखा नहीं जाता।
(B) सम्पादक से रहा नहीं गया।
(C) शिक्षामंत्री ने शीघ्र शिक्षक लगाने का आश्वासन दिया।
(D) गीता से गाया नहीं जाता।

**15. स्वावलंबी होने के लिए सही मुहावरा है—**
(A) पौ बारह होना (B) फूँक-फूँक कर पैर रखना
(C) पैरों पर खड़ा होना (D) पानी फेर देना

**16. इनमें से कौनसा कथन सत्य नहीं है?**
(A) मुझ पर दृश्य फिल्माया गया—नामधातु क्रिया
(B) राकेश खाना खाकर विद्यालय गया—पूर्वकालिक क्रिया
(C) शर्मा जी ने नाई से बाल कटवाये—अपूर्ण क्रिया
(D) वह नहाते ही मंदिर चला गया—तात्कालिक क्रिया

**17. निम्न में से विशेषण से बनी भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है—**
(A) उदासी (B) घरेलू (C) धिक्कार (D) सर्दी

**18. 'महोत्सव' का संधि-विच्छेद होगा——**
(A) मह + उत्सव (B) मह + ऊत्सव
(C) महा + उत्सव (D) महा + ऊत्सव

**19. 'जिस पर आक्रमण हो' वाक्यांश के लिए उचित एक शब्द है—**
(A) आक्रमण (B) आक्रामक (C) आक्रांत (D) आत्मघाती

# प्रैक्टिस पेपर - 4

**प्रश्न : 25** **हिन्दी** **अंक : 75**

**1. 'नीरोग' शब्द में कौनसी संधि है?**
(A) गुण संधि (B) व्यंजन संधि
(C) विसर्ग संधि (D) अयादि संधि

**2. 'मृगनयन' शब्द में समास है—**
(A) अव्ययीभाव (B) कर्मधारय
(C) तत्पुरुष (D) द्वन्द्व

**3. संयोग में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?**
(A) सम् (B) सन् (C) सं (D) सु

**4. धातु के अंत में जोड़े जाने वाले प्रत्यय कहलाते हैं—**
(A) क्रिया द्योतक प्रत्यय (B) कृत प्रत्यय
(C) तद्धित प्रत्यय (D) भाव द्योतक प्रत्यय

**5. 'चंद्रमा' शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें—**
(A) शशि (B) शशिकला (C) रवि (D) अनुराग

**6. 'शाश्वत ' का विलोम चुनें।**
(A) नश्वर (B) अनादि (C) अनंत (D) चिरंतन

**7. 'गो' शब्द के अनेकार्थी का सही विकल्प निम्न में से है—**
(A) आँख, गाय, बाल, सूर्य, माता, बैल, सरस्वती
(B) शाम, गाय, बाल, सूर्य, माता, बैल, सरस्वती
(C) आँख, तन, बाल, सूर्य, माता, बैल, सरस्वती
(D) आँख, गाय, बाल, सूर्य, माता, बैल, लक्ष्मी

**8. निम्न में से किस क्रमांक में 'कृतज्ञ-कृतघ्न' शब्द युग्म का सही अर्थ भेद है?**
(A) रचित-टूटा हुआ
(B) उपकार को न मानने वाला-उपकारी
(C) कृतकार्य-बंधनमुक्त
(D) उपकार मानने वाला-उपकार न मानने वाला

**9. निम्न में से भाववाचक संज्ञा है—**
(A) बुढ़ापा (B) नवीन (C) नदी (D) आदमी

**10. निम्नलिखित विशेषणों में से संज्ञा को पहचानिए—**
(A) आसमानी (B) नियमित
(C) पाश्चात्य (D) अनुशासन

**11. किस क्रमांक में सभी शुद्ध हैं?**
(A) आर्शिवाद, अनूकूल (B) निरिक्षण, कृपालू
(C) एक्य, सप्ताहिक (D) आजीविका, आशीर्वाद

**12. '<u>रत्नाकर</u> गर्जन करता है, मलयानिल बहता है।' रेखांकित पद में कौनसा समास है?**
(A) अव्ययीभाव (B) बहुव्रीहि
(C) तत्पुरुष (D) कर्मधारय

**13. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए—**
(A) आयुष और ऋचा बाजार गई।
(B) राह चलते दोनों में तकरार हो गई।
(C) इस कहानी को एक स्त्री लेखिका ने लिखा है।
(D) बच्चे ने कहा पापा आ गयो।

**14. निम्न में से कर्मवाच्य नहीं है—**
(A) राम के द्वारा रावण मारा गया।
(B) बच्चों द्वारा घर बनाया गया।
(C) सीता के द्वारा चित्रकारी की जाती है।
(D) बालक पढ़ने जाता है।

**15. इनमें से किस वाक्य में 'पूर्वकालिक क्रिया' है—**
(A) ठोकर लगते ही लड़का गिर पड़ा।
(B) वह चाय पीकर घूमने जाता है।
(C) विद्यार्थी आये तो कक्षा लगे।
(D) निरपराध को डाँटते शर्म नहीं आती।

**16. 'आँख का काँटा होना' मुहावरे का अर्थ है—**
(A) आँख में काँटा चुभ जाना (B) आँखें खराब हो जाना
(C) अप्रिय लगना (D) कोई नहीं

**17. निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस सही विकल्प का चयन करें जो वाक्यांशो के लिए एक शब्द का विकल्प है।**
**'जो इस लोक की बात है।'**
(A) अलौकिक (B) स्वर्गीय (C) पाश्चात्य (D) लौकिक

**18. निम्न में से अशुद्ध वाक्य है—**
(A) उसके पास केवल एक घर है।
(B) लड़की है तो बुद्धिमती।
(C) नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की।
(D) भारतीय रेल की स्थापना का शताब्दि-समारोह आयोजित किया गया।

**19. निम्न में से द्रव्यवाचक संज्ञा का उदाहरण है—**
(A) सोना-चाँदी (B) कामधेनु
(C) सुंदरता (D) क्रोध

**20. किस क्रमांक में लोकोक्ति नहीं है?**
(A) खग जाने खग की ही भाषा।
(B) का वर्षा जब कृषि सुखाने।
(C) चुपड़ी और दो-दो।
(D) आकाश के तारे तोड़ना।

**21. 'Remit ' के लिए उपयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
(A) आस्थगित रखना (B) माफ़ करना/प्रेषण करना
(C) सीमित दायिता (D) अधिकारिता

# प्रैक्टिस पेपर - 5

**प्रश्न : 25** **हिन्दी** **अंक : 75**

**1. 'पयोधि' शब्द का संधि-विच्छेद होगा—**
(A) पयः + धि (B) पयः + दधि
(C) पयः + उदधि (D) पयः + दधी

**2. इनमें से किस सामासिक पद का विग्रह सही नहीं है?**
(A) अनुकूल = जो प्रतिकूल नहीं
(B) यथाशीघ्र = जितनी जल्दी हो सके
(C) बीचों-बीच = बीच में ही है जो
(D) ऋणमुक्त = ऋण से मुक्त

**3. निम्न में से किस विकल्प में 'निर्' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है?**
(A) निर्माण (B) निर्दोष (C) निर्धारण (D) निष्कलंक

**4. इनमें से 'एय' प्रत्यय के वाचक शब्दों का सही जोड़ा है—**
(A) गांगेय, दैत्य, सौमित्र (B) मैत्रेय, कौन्तेय, गांगेय
(C) राष्ट्रीय, दैत्य, मैत्रेय (D) इनमें से कोई नहीं।

**5. 'कमल' का पर्यायवाची शब्द है—**
(A) कनक (B) फूल (C) जलज (D) सुरभि

**6. 'अपव्यय' का विलोम चुनें।**
(A) व्यर्थव्यय (B) अतिव्यय (C) खर्चीला (D) मितव्यय

**7. 'जलज' शब्द के अनेकार्थी का सही विकल्प है—**
(A) कमल, मोती, मछली, चन्द्रमा, शंख
(B) जलेबी, मोती, मछली, चन्द्रमा, शंख
(C) कमल, मोती, मानस, चन्द्रमा, शंख
(D) कमल, कदली, मछली, चन्द्रमा, शंख

**8. 'दमन-दामन' शब्द युग्म का सही अर्थ है**
(A) कंधा-हिस्सा (B) भौंरा-सखी
(C) दबाना-आँचल (D) दसन-दर्शन

**9. निम्न में से जातिवाचक संज्ञा शब्दों से बनी भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है—**
(A) तारुण्य (B) कृत्रिमता (C) मनाही (D) आपा

**10. इनमें से गुणवाचक विशेषण का उदाहरण नहीं है—**
(A) संगमरमर चिकना पत्थर है।
(B) यह अधिक खुरदरा पत्थर है।
(C) वह ईमानदार व्यक्ति है।
(D) समुद्र में हजारों मन चीनी डूब गई।

**11. किस क्रमांक में सभी शुद्ध हैं?**
(A) सन्मुख, ऐक्यता (B) उत्कर्षता, तदोपरान्त
(C) पुज्यनीय, पुज्य (D) उत्कर्ष, पूजनीय

**12. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?**
(A) नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीता।
(B) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती है।
(C) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
(D) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम है।

**13. 'राम से पत्र लिखे गए।' किस वाच्य का उदाहरण है?**
(A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य
(C) भाववाच्य (D) कर्तृ-कर्मवाच्य

**14. इनमें से कौनसी कहावत सही नहीं है?**
(A) घर का भेदी लंका ढावे (B) खोदा पहाड़ निकली चुहिया
(C) चोर की दाढ़ी में बाल (D) काला अक्षर भैंस बराबर

**15. निम्न में से कौनसा शब्द अव्ययीभाव समास का उदाहरण नहीं है?**
(A) तथागति (B) शोकाकुल
(C) हरा-भरा (D) सबान्धव

**16. 'बालक रो रहा है'। इस वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' का कौनसा रूप है—**
(A) स्थित्यर्थक (B) गत्यर्थक
(C) अपूर्ण अकर्मक (D) एक-कर्मक

**17. 'जो खाने योग्य न हों' वाक्यांश के लिए एक शब्द है—**
(A) अखाद्य (B) पथ्य
(C) अपाच्य (D) अलभ्य

**18. किस क्रमांक में सही वाक्य है—**
(A) उसका प्राण-पखेरु उड़ गया।
(B) वह शायद कल गाड़ी से आए।
(C) उन्हें उनचालीस पुस्तकें चाहिएँ।
(D) आपकी अँगूलियाँ मुझसे बड़ी हैं।

**19. 'बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद' कहावत का अर्थ है—**
(A) बंदर को अदरक का स्वाद मालूम नहीं होता।
(B) पागल व्यक्ति अच्छी वस्तु फेंक देता है।
(C) बंदर के मुख में स्वादेन्द्रियाँ नहीं होतीं।
(D) गुणहीन व्यक्ति अच्छी वस्तु का भी अनादर करता है।

**20. निम्न में से जातिवाचक संज्ञा शब्द से बनी भाववाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है—**
(A) देवत्व (B) नारीत्व (C) चोरी (D) ममता

**21. 'Promulgate' के लिए उपयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
(A) पुनःस्थापन/पुनरुद्धार (B) जारी करना/प्रख्यापित करना
(C) कार्य-सम्पादन/लेन-देन (D) यथार्थ कथन

**22. 'अभि + उदय' की सन्धि कीजिए।**
(A) अभ्युदय (B) अभ्योदय (C) अभीउदय (D) अभ्यूदय

**23. He had tried again and again but couldn't succeed,**

# प्रैक्टिस पेपर - 6

**प्रश्न : 25** **हिन्दी** **अंक : 75**

**1. (ई + आ = या) किस संधि में इस प्रकार का परिवर्तन होता है?**
(A) गुण संधि (B) अयादि संधि (C) यण् संधि (D) वृद्धि संधि

**2. 'हरिद्वार के कुंभ में एक महात्मा बैठे थे।' रेखांकित पद में कौनसा समास है?**
(A) द्विगु (B) द्वन्द्व (C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

**3. निम्न में से किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग नहीं है?**
(A) प्राध्यापक (B) प्रमोद (C) प्रबल (D) प्रत्यय

**4. किस क्रम में भाववाचक प्रत्यय नहीं है?**
(A) मर्दानगी (B) टोपीवाला (C) बपौती (D) बहुतायत

**5. 'पर्वत' शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।**
(A) पावन (B) भुजंग (C) पवन (D) शैल

**6. इनमें से कौनसा विलोम-युग्म सही नहीं है?**
(A) ऋत-अनृत (B) काज-अकाज
(C) लौकिक-सांसारिक (D) स्थावर-जंगम

**7. 'पट' शब्द के अनेकार्थी का सही विकल्प है—**
(A) वस्त्र, किवाड़, यवनिक, मुख्य
(B) वस्त्र, किवाड़, यवनिक, फड़
(C) वस्त्र, साढ़ी, यवनिक, मुख्य
(D) वर्तन, किवाड़, यवनिक, मुख्य

**8. 'अभय-उभय' शब्द युग्म का सही अर्थ है-**
(A) निर्भय-दोनों (B) हवा-अग्नि
(C) पढ़ना-पढ़ाना (D) दोनों-निर्भय

**9. क्रियार्थक संज्ञा सदा किस रूप में रहती है?**
(A) बहुवचन पुल्लिंग (B) एकवचन पुल्लिंग
(C) एकवचन स्त्रीलिंग (D) बहुवचन स्त्रीलिंग

**10. निम्न में से अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण का उदाहरण नहीं है—**
(A) जरा सा आचार दे दो। (B) कुछ लोग हमेशा झूठ बोलते है
(C) इतना काम क्यों करती हो (D) मेरा बेटा घर नहीं पहुँचा

**11. पोषाक, पूर्वान्ह, युयूत्सा, प्रलंयकर शब्दों के शुद्ध रूप का सही जोड़ा निम्न में से है—**
(A) पोशाक, पूर्वाह्न, युयुत्सा, प्रलयंकर
(B) पोषाक, पुर्वान्ह, यूयूत्सा, प्रलंयकर
(C) पोशाक, पूर्वाह्न, यूयुत्सा, प्रलयंकर
(D) पोसाक, पुर्वान्ह, युयूत्सा, प्रलंयकर

**12. निम्नलिखित में से किस शब्द का समास विग्रह सही है?**
(A) वनवास = वन का वास
(B) सर्वप्रिय = सबके लिए प्रिय
(C) गृहप्रवेश = गृह में प्रवेश
(D) हवनसामग्री = हवन की सामग्री

**13. इनमें से किस वाक्य में क्रिया संबंधी अशुद्धि है?**
(A) वह जाना चाहता है। (B) मेरी प्रतीक्षा करना।
(C) तुम क्या कर रहे हो ? (D) उसने मुझे गाली निकाली।

**14. 'श्रद्धानंद' का संधि-विच्छेद क्या है?**
(A) श्रद्धा + नंद (B) श्रद्धा + आनंद
(C) श्र + द्धा + नंद (D) श्रद्ध + आनंद

**15. निम्न में भाववाच्य युक्त वाक्य है—**
(A) मोहन पुस्तक पढ़ता है। (B) श्याम पत्र लिखता है।
(C) मोहन से बैठा नहीं जाता। (D) पत्र लिखा जाता है।

**16. निम्नलिखित वाक्यों में से अकर्मक क्रिया किसमें है?**
(A) श्याम खाता है। (B) सतीश गाता है।
(C) अहमद पढ़ता है (D) मोहन सोता है।

**17. 'दूसरों की बातों में दखल देना' वाक्यांश के लिए एक शब्द क्या होगा?**
(A) हस्तक्षेप (B) आक्षेप (C) दूरदर्शी (D) उपकारी

**18. 'आज का कबूतर अच्छा है, कल के मोर से**
**आज का पैसा अच्छा है कल की मोहर से।'**
**इस सूक्ति की पुष्टि करने वाला मुहावरा है—**
(A) नौ नकद न तेरह उधार (B) खाली हाथ न लौटना
(C) चोर की दाढ़ी में तिनका (D) माथा ठिनका

**19. 'Per diem' के लिए उपयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
(A) प्रचालन/प्रचलन (B) पदस्थापन
(C) प्रतिदिन (D) स्थापन्न होना

**20. "It is raining very heavily, don't forget to carry your umbrella."**
**प्रस्तुत वाक्य का उचित हिन्दी रूपान्तरण है।**
(A) बारिश जोर की है, छाता ले जाना तुम।
(B) बहुत ही बारिश है बिना छाता मत जाना।
(C) बहुत तेज बारिश हो रही है, अपना छाता लेना मत भूलना।
(D) बहुत बारिश में अपना छाता भूलना मत।

**21. किन पत्रों में अपने गाँव, गली व मुहल्लों से लेकर राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं तक का चित्रण किया जाता है?**
(A) सम्पादक के नाम औपचारिक पत्र
(B) स्ववृत्त व आवेदन पत्र
(C) अनौपचारिक शिकायती पत्र
(D) अनुस्मारक या स्मरण पत्र

# प्रैक्टिस पेपर - 7

**प्रश्न : 25** **हिन्दी** **अंक : 75**

**1. निम्न में से स्वर-संधि से निर्मित शब्द नहीं है——**
(A) अत्याचार (B) उत्थान (C) भानूदय (D) शम्भ्वाराधना

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा सामासिक पद सही नहीं है?**
(A) चार मास का समाहार = चतुर्मासिक
(B) हस्त द्वारा लिखित = हस्तलिखित
(C) विवाह से इतर = विवाहेतर
(D) भय से आक्रांत = भयाक्रांत

**3. निम्न में से कौनसा उपसर्ग ''अरबी'' भाषा का नहीं है?**
(A) बे (B) कम (C) हम (D) भर

**4. सूची-I में दी गई धातुओं को सूची-II में दिए गए प्रत्यय से सुमेलित कीजिए—**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (a) पाठ | I. इक |
| (b) चाल | II. आ |
| (c) झटक | III. आक |
| (d) पशु | IV. अक |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | I | II | III | IV |
| (B) | IV | III | II | I |
| (C) | III | IV | I | II |
| (D) | II | III | IV | I |

**5. 'कुबेर' शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें**
(A) यमराज (B) महाराज (C) यक्षराज (D) गिरिराज

**6. 'उपकार' का विलोम शब्द है—**
(A) सहायता (B) अपकार (C) परोपकार (D) मदद

**7. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द अनेकार्थक शब्द 'रसाल' से सम्बद्ध नहीं है?**
(A) ईख (B) आम (C) कदली (D) मीठा

**8. इनमें से किस विकल्प में समश्रुत शब्द-युग्म का अर्थ भेद सही नहीं है?**
(A) कर्म - क्रम = कार्य - सिलसिला
(B) उद्यत - उद्धत = तैयार - अक्खड़
(C) परिणाम - परिमाण = फल - सबूत
(D) गण - गण्य = समूह - गिनने के योग्य

**9. पशु चर रहे हैं। रेखांकित पद है—**
(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा (B) जातिवाचक संज्ञा
(C) भाववाचक संज्ञा (D) द्रव्यवाचक संज्ञा

**10. 'अर्चना अत्यंत सुंदर है।' वाक्य में कौन सा शब्द विशेषण है?**
(A) अर्चना (B) अत्यंत (C) सुंदर (D) है

**11. निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-**
(A) अनुषंगिक (B) आनुषंगिक (C) अनुषंगीक (D) अनुसंगिक

**12. निम्नलिखित में से किस विकल्प का वाक्य शुद्ध है?**
(A) महाविद्यालय एक तारीख के दिन खुलेंगे।
(B) निश्चय रूप से नहीं कहा जा सकता।
(C) भोजन बनाने की व्यवस्था करें।
(D) प्रेम करना तलवार की नोंक पर चलता है।

**13. निम्नलिखित में से कर्तृवाच्य का वाक्य बताइए—**
(A) तुलसीदास ने रामचरित मानस लिखी।
(B) राम द्वारा रावण को मारा गया।
(C) छात्रों द्वारा फुटबॉल खेली जाती है।
(D) आज टहलने चला जाए।

**14. निम्न में से किस वाक्य में 'सकर्मक क्रिया' का प्रयोग नहीं हुआ है—**
(A) बहू ससुर से लजाती है।
(B) इल्तुतमिश ने कुतुब मीनार बनवाई।
(C) महेश फल बेचता है।
(D) नरेश शतरंज की अच्छी चालें चलता है।

**15. 'रंगमंच के पर्दे के पीछे का स्थान' कहा जाता है—**
(A) मकराक्ष (B) नेपथ्य (C) लोमहर्षक (D) गुढ़ामंच

**16. 'सदा एक समान' रहने पर लोकोक्ति प्रयुक्त होती है—**
(A) साँच को आँच नहीं
(B) सावन हरे न भादो सूखे
(C) भागते चोर की लंगोटी ही सही
(D) सहज पके सो मीठा होय।

**17. निम्नलिखित में से लोकोक्ति का चयन कीजिए—**
(A) आँखे दिखाना (B) कौआ चले हंस की चाल
(C) अंगारे उगलना (D) दाँत खट्टे करना

**18. 'Slack' के लिए उपयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
(A) विचलित होना (B) उचित समझना
(C) शिथिल/ढीला (D) विस्थापित

**19. '……………किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण-धर्म, दोष, शील, स्वभाव या भाव आदि का बोध कराया जाता है।' इस परिभाषा में रिक्त स्थान की जगह आया हुआ उपयुक्त शब्द होगा—**
(A) जातिवाचक संज्ञा (B) भाववाचक संज्ञा
(C) समूहवाचक संज्ञा (D) द्रव्यवाचक संज्ञा

**20. 'नवनिधि' में कौन-सा समास है?**
(A) अव्ययीभाव (B) द्विगु
(C) कर्मधारय (D) बहुव्रीहि

# प्रैक्टिस पेपर - 8

प्रश्न : 25 | हिन्दी | अंक : 75

1. 'बालोचित' शब्द का संधि-विच्छेद होगा—
(A) बालो + चित (B) बाल + उचित
(C) बाला + चित (D) बाल + ऊचित

2. 'हार' शब्द किस उपसर्ग में जुड़कर भोजन का अर्थ देता है?
(A) प्रति (B) आ (C) उप (D) नि

3. निम्नलिखित में कौनसा पद तत्पुरुष समास का उदाहरण है?
(A) नवरात्र (B) अनुदिन (C) पदगत (D) धर्माधर्म

4. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'एरा' प्रत्यय नहीं है—
(A) घनेरा (B) सपेरा (C) सवेरा (D) ममेरा

5. 'कुंदन' का पर्यायवाची होगा—
(A) हेम (B) दुश्मन (C) मतंग (D) स्वजन

6. 'मूर्त' शब्द का विलोम निम्न में से है—
(A) अमूर्त (B) प्रतिमूर्त (C) सम्मूर्त (D) अदृष्ट

7. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द अनेकार्थक शब्द 'पुष्कर' से सम्बद्ध नहीं है?
(A) कमल (B) पानी (C) आकाश (D) पाताल

8. किस क्रमांक में सही अर्थ नहीं है?
(A) हाथ कंगन को आरसी क्या = प्रत्यक्ष को प्रमाण क्या।
(B) साँप छछूंदर की गति होना = डर जाना।
(C) सावन हरे ना भादो सूखा = हमेशा एक जैसा रहना।
(D) लिखे ईसा पढ़े मूसा = न पढ़ने योग्य लिखावट।

9. 'प्रवाल-प्रवार' शब्द युग्म का सही अर्थ युग्म है—
(A) दीवार, पन्ना (B) मोती, दीवार
(C) वस्त्र, मूंगा (D) मूंगा, वस्त्र

10. निम्न में से समूहवाचक संज्ञा शब्द का उदाहरण है—
(A) दरबार (B) बेईमानी (C) कामधेनु (D) ऊन

11. 'स्त्री' शब्द का विशेषण है—
(A) स्त्री (B) स्त्री (C) स्तैण (D) स्त्रैण

12. इनमें से किस शब्द में व्यंजन संबंधी अशुद्धि है?
(A) अभीष्ट (B) विशिष्ट (C) स्वादिष्ट (D) गरिष्ठ

13. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है—
(A) रामचरित मानस की रचयिता तुलसीदास हैं।
(B) कृपया कल पधारने की कृपा करें।
(C) तमाम देशभर में यह बात फैल गई।
(D) हमारे समाज में अनेक कुरीतियाँ आज भी प्रचलित हैं।

14. 'उससे अब अकेले नहीं रहा जाता है।' वाक्य है—
(A) कर्तृवाच्य का (B) कर्मवाच्य का
(C) भाववाच्य का (D) उक्त कोई नहीं

15. निम्नलिखित वाक्यों में से किसमें 'पूर्वकालिक क्रिया' है?
(A) उसने नहाकर भोजन किया।
(B) वह धीरे-धीरे खा रहा था।
(C) उसने मुझे पुस्तक सौंपी।
(D) वह शाम को पहुँचेगा।

16. 'बिना पलक झपकाए' वाक्यांश के लिए एक शब्द है—
(A) निष्पलक (B) निस्पृह (C) निर्निमेष (D) निर्विकार

17. 'रामनारायण ने जलेबी खाई' वाक्य में 'जलेबी' है—
(A) जातिवाचक संज्ञा (B) द्रव्यवाचक संज्ञा
(C) भाववाचक संज्ञा (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

18. 'हाथी के पाँव में सबका पाँव' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है—
(A) किसी बड़े का भार बड़ा ही उठाता है।
(B) बड़े लोगों के साथ छोटों की भी गुजर हो जाती है।
(C) यदि किसी व्यक्ति का कोई कुटुम्बी उन्नति करता है तो उसका भी नाम होता है।
(D) किसी काम को करने में बड़े आदमियों के असफल होने पर छोटा उसे करने को तैयार हो जाता है।

19. 'Trespass' के लिए उपयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—
(A) आर्थिक सहायता देना
(B) अतिक्रमण करना/अनधिकार प्रवेश करना
(C) भारमुक्त/ कार्यमुक्त करना
(D) विचारार्थ भेजना/उल्लेख करना

20. 'सब्जबाग दिखाना' मुहावरे का सही अर्थ है—
(A) मीठी बातें करना (B) अच्छी बातें कहकर बहकाना
(C) बहलाना (D) भ्रमित करना

21. A farmer reaps the crop according to whatever he sows in the field. (simple sentence)
इस सरल वाक्य का हिन्दी में रूपान्तरण होगा—
(A) किसान खेत पर जो कुछ बोता है उन्हीं के अनुसार उसे फसल काटना पड़ता है।
(B) किसान खेत में जो कुछ उगाता है उसी के अनुरूप उसे फसल मिलती है।
(C) किसान खेत में जो कुछ बोता है उसी के अनुसार वह फसल काटता है।
(D) किसान खेत में जो कुछ काटता है उसी के अनुसार वह फसल बोता है।

22. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है—
(A) गाय के पूँछ होती है।

# प्रैक्टिस पेपर - 9

**प्रश्न : 25** **हिन्दी** **अंक : 75**

**1. 'निश्चल' का सही संधि-विच्छेद है—**
(A) निः + चल (B) निश् + चल
(C) निस् + चल (D) निष् + अचल

**2. कौन-सा अधिकरण तत्पुरुष समास का उदाहरण नहीं है?**
(A) पुरुषोत्तम (B) देशाटन (C) कुलश्रेष्ठ (D) धर्मभ्रष्ट

**3. किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं है?**
(A) नीलिमा (B) नीरस (C) नीरोग (D) निक्षेप

**4. निम्न में से 'संबंधवाचक' तद्धित प्रत्यय नहीं है—**
(A) फूफेरा (B) ममेरा (C) मौसेरा (D) छुटपन

**5. 'आभूषण' शब्द के पर्यायवाची शब्द का चयन करें।**
(A) सलिल (B) अलंकार (C) वसुंधरा (D) समास

**6. 'कृत्रिम' का विलोम चुनें।**
(A) कृमि (B) प्राकृतिक (C) बनावटी (D) कृति

**7. निम्न में से कौनसा शब्द अनेकार्थक शब्द 'सुरभि' से सम्बद्ध नहीं है?**
(A) गाय (B) सुगन्ध (C) पृथ्वी (D) बकरी

**8. 'मरीचि-मरीची' शब्द युग्म का सही अर्थ क्या है?**
(A) किरण-सूर्य (B) एक राक्षस-प्रकाश
(C) किरण-चंद्रमा (D) सूर्य-मृगतृष्णा

**9. निम्न में से क्रिया से बनी भाववाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है—**
(A) कसावट (B) गर्जना (C) आहुति (D) दूरी

**10. '<u>यह</u> मकान मेरे भाई का है।' रेखांकित पद है—**
(A) संज्ञा (B) संकेतवाचक सर्वनाम विशेषण
(C) विशेषण (D) क्रिया विशेषण

**11. निम्न में कौन सा शब्द अशुद्ध है?**
(A) पुष्प (B) पुज्य (C) परिस्थिति (D) प्रशंसा

**12. निम्नलिखित में से किस विकल्प का वाक्य शुद्ध है?**
(A) जीव कालचक्र के पहिए के नीचे पिस रहा हैं।
(B) निराशा की किरणें छायी हुई है।
(C) मनीषा विदुषी स्त्री है।
(D) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।

**13. 'कर्मवाच्य' का प्रयोग है—**
(A) तुम फूल तोड़ोगे (B) तुम्हारे द्वारा फूल तोड़े जाएँगे
(C) सिपाही ने चोर पकड़ा (D) उपरोक्त सभी

**14. 'सभा' शब्द किस संज्ञा का उदाहरण माना जाएगा?**
(A) व्यक्तिवाचक (B) समूहवाचक
(C) द्रव्यवाचक (D) जातिवाचक

**15. निम्न में से द्विकर्मक क्रिया का उदाहरण नहीं है—**
(A) राधा ने श्याम को गाड़ी बेच दी।
(B) शीला ने मोहन को किताब दी।
(C) राजेश ने सोहन से मकान खरीदा।
(D) मदन बहुत बूढ़ा है।

**16. 'जीवित रहने की तीव्र इच्छा' को कहा जाता है—**
(A) जिघांसा (B) जिजीविषा (C) जिज्ञासा (D) जिघृक्षा

**17. 'उसने तो मेरी आँखें खोल दी।' मुहावरे का अर्थ होगा—**
(A) भ्रम को दूर करना।
(B) किसी बात पर ध्यान न देना।
(C) स्वागत के लिए राह देखना।
(D) अंधकार दूर करना।

**18. निम्न में से लोकोक्ति का युक्तियुक्त अर्थ है—**
(A) रुपया तो शेख नहीं तो जुलाहा - रुपये से रुपया पैदा होता है।
(B) कन-कन जोड़े मन जुड़े - बिना परिश्रम मनोकामना सिद्ध हो जाती है।
(C) छूटा बाज न आवे हाथ - लाभकर वस्तु कुरूप भी हो तो अच्छी है।
(D) घर ही के मर्द हैं - डरपोक आदमी

**19. 'Encroachment' के लिए उपयुक्त हिन्दी पारिभाषिक शब्द है—**
(A) उपकरण (B) अधिक्रमण/अनधिकार-प्रवेश
(C) तुल्य/समानार्थ (D) महामारी

**20. '<u>ऊँच-नीच</u> के भाव से समाज में विकास का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है।' रेखांकित पद में समास है—**
(A) द्विगु (B) द्वन्द्व (C) कर्मधारय (D) अव्ययीभाव

**21. A person who constantly halts between two opinions and wavers can do nothing greater and useful in his life. (complex sentence)**
**इस मिश्र वाक्य का हिन्दी में रूपान्तरण क्या होगा?**
(A) एक व्यक्ति जो निरन्तर दो विचारों में पड़ा रहता है और डगमगाता रहता है, उसे अपने जीवन में कोई भी अधिक बड़ा और उपयोगी कार्य करने की आवश्यकता नहीं है।
(B) वह व्यक्ति जो निरन्तर विचारों के मध्य में पड़ा रहता है और डगमगाता रहता है, वह दूसरे के जीवन में कोई भी अधिक बड़ा और उपयोगी कार्य नहीं कर सकता।
(C) दो व्यक्ति जो निरन्तर एक विचारों के मध्य में पड़े रहते हैं और डगमगाते रहते हैं, वे अपने जीवन में कोई भी अधिक बड़ा और उपयोगी कार्य नहीं कर सकते।
(D) एक व्यक्ति जो निरन्तर दो विचारों के मध्य में पड़ा रहता है और डगमगाता रहता है, वह अपने जीवन में कोई भी अधिक बड़ा और उपयोगी कार्य नहीं कर सकता।

# प्रैक्टिस पेपर - 10

**प्रश्न : 25** | **हिन्दी** | **अंक : 75**

**1. निम्नलिखित में से गुण संधि के उदाहरणों को इंगित करने वाला विकल्प है—**
(A) पंचायत, प्रेक्षागार, प्रेरणास्पद, कारावास, दयानन्द
(B) कथोपकथन, सर्वोत्तम, यज्ञोपवीत, प्रश्नोत्तर, ग्रामोत्थान
(C) पुत्रैषणा, शुभैषी, हितैषी, लोकैषणा, स्वैच्छिक
(D) जात्यभिमान, अभ्यर्थना, पर्यंक, अध्ययन, व्याकुल

**2. निम्न में से कर्मधारय समास का उदाहरण नहीं है—**
(A) बहुमूल्य (B) मंद बुद्धि
(C) परकटा (D) आप बीती

**3. निम्न में से 'अनन्य' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है—**
(A) अ (B) अन्
(C) अना (D) अन

**4. निम्न में से 'ई' प्रत्यय से निर्मित शब्द कौन सा नहीं है?**
(A) मंडली (B) नगरीय
(C) टोकरी (D) नाली

**5. '<u>आकाश</u> में चन्द्रमा चमक रहा है।'**
**रेखांकित शब्द का पर्यायवाची नहीं है—**
(A) व्योम (B) गगन
(C) रसाल (D) नभ

**6. 'जातीय' का विलोम चुनें—**
(A) सजातीय (B) प्रजातीय
(C) अजातीय (D) विजातीय

**7. निम्न में से कौनसा अशुद्ध वाक्य है—**
(A) कृपया दो दिन का अवकाश स्वीकृत करने की कृपा करें।
(B) वहाँ कई लोग मौजूद थे।
(C) भारत सरकार ने उसे पद्म-श्री से अलंकृत किया था।
(D) कृतघ्नता से बड़ा कोई पाप नहीं है।

**8. चिर-चीर शब्द-युग्म का सही अर्थ क्या है?**
(A) नया-पुराना (B) किला-कास
(C) पुराना-कपड़ा (D) चर-अचर

**9. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द अनेकार्थक शब्द 'अवस्था' से सम्बद्ध नहीं है?**
(A) उम्र (B) गति
(C) दशा (D) बीमार

**10. लड़का कौन-सी संज्ञा है?**
(A) व्यक्तिवाचक (B) जातिवाचक
(C) भाववाचक (D) समूहवाचक

**11. निम्न में से विशेषण युक्त शब्द बताइए—**
(A) क्षम्य (B) फेन
(C) शिक्षा (D) भ्रम

**12. जिव्हा, तस्तरी, झौंपड़ी शब्दों के शुद्ध रूप का सही जोड़ा निम्न में से है—**
(A) जिव्हा, तस्तरि, झोपड़ी (B) जिह्वा, तश्तरी, झोंपड़ी
(C) जिह्वा, तस्तरी, झोंपड़ी (D) जिव्हा, तशतरि, झोंपड़ी

**13. निम्नलिखित में से व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध वाक्य कौन सा है?**
(A) वे अनेक विषय के ज्ञाता थे।
(B) इस समय चार बजे हैं।
(C) सब लोग अपनी राय दें।
(D) आँसु से मेरा रूमाल भीग गया।

**14. कर्तृवाच्य में क्रियाओं का प्रयोग होता है—**
(A) सकर्मक (B) अकर्मक
(C) दोनों ही का (D) इनमें से कोई नहीं

**15. निम्न में से 'प्रेरणार्थक क्रिया' का उदाहरण नहीं है—**
(A) मोहन ने नाई से बाल कटवाये।
(B) रेखा ने सुनीता से पत्र लिखवाया।
(C) सुरेश ने माली से दूब कटवाई।
(D) अशोक जी हमारे गुरु थे।

**16. 'अन्त्यज' शब्द के लिए सही वाक्यांश है—**
(A) जो जन्म से अपंग हो
(B) जो जन्म के उपरान्त त्याग दिया गया हो
(C) जिसका जन्म निम्न वर्ग में हुआ हो
(D) जिसने कभी सूर्य के दर्शन नहीं किये हों


**17. 'आँखें भर आना' मुहावरे का अर्थ है—**
(A) आँसू आ जाना (B) भाव-विभोर होना
(C) नींद आना (D) आँख दुखना


**18. 'चिराग तले अन्धेरा' लोकोक्ति का सही अर्थ है—**
(A) अपनी बुराई नहीं दीखना।
(B) काम न जानना और बहाने बनाना।
(C) न कारण होगा न कार्य होगा।
(D) परिश्रम का फल अन्धेरे से उजाला लाता है।

**19. निम्न में से विशेषण शब्दों से बनी भाववाचक संज्ञा का उदाहरण नहीं है—**
(A) अरुणिमा (B) कृत्रिमता
(C) आस्तिकता (D) सामीप्य

## जूनियर अकाउण्टेन्ट परीक्षा की विस्तृत तैयारी के लिए दक्ष प्रकाशन की अन्य पुस्तकें




















# दक्ष प्रकाशन
(A Unit of College Book Centre)
A-19 सेठी कॉलोनी, जयपुर (राज.)
फोन नं. 0141-2604302

Code No. D-716 | ₹ 440/-

इस पुस्तक को ONLINE खरीदने हेतु
WWW.DAKSHBOOKS.COM
पर ORDER करें

★ SPECIAL DISCOUNT + FREE DELIVERY ★